
# Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# एकमात्र एनएम पर पूरे अस्पताल की जिम्मेदारी?

**जिम्मेदार कौन**

## स्वास्थ सुविधाओं का लाभ आम आदमी को मिल पाना हो रहा मुश्किल

सुविधाएं न मिल पाने के कारण यह अस्पताल बन चुका रेफर सेंटर

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ़। सीमांत के दूरस्थ गांवों में बीमार मरीज इलाज के नाम पर छले जा रहे है। जानकारी के मुताबिक सीमांत जनपद पिथौरागढ़ के मूनाकोट ब्लाक के मडमानले के अस्पताल में वर्तमान में स्वास्थ सुविधाओं का लाभ आम आदमी को मिल पाना खासा मुशिकिल होने लगा है।

बता दें कि सीमांत के दूरस्थ गांवों में बने अस्पतालों में बीमार मरीज उपचार के लिए तड़प रहे है। दूसरी ओर एकमात्र एनएनम के सहारे पूरे अस्पताल की जिम्मेदारी छोड़ी गई है। इन अस्पतालों में सामान्य जांचों के न हो पानें के कारण बीमार मरीजों को इलाज के लिए जिला अस्पताल




के चक्कर काटने को मजबूर होना पड़ रहा है। आलम यह है कि इस अस्पताल में वार्ड बाय व स्वच्छक तक मौजूद नही है। वही सुविधाएं न मिल पाने के कारण यह अस्पताल रेफर सेंटर बन चुका है।

दूसरी ओर कभी कोई र्दुघटना या आकस्मिक घटना से पीड़ित मरीज भी आ जाय तो दो बजे बाद तो अस्पताल में उसे देखने वाला कोई डाक्टर तक मौजूदा दौर में देखने को भी नसीब हो पाना खासा मुशिकिल है। दूसरी ओर देखरेख के अभाव में इन अस्पतालों के कमरों के भवनो के दरवाजे व कमरे की खिड़कियों के शीशे तक दूटे हुए है। इस अस्पताल में पीने का पानी मरीजों के लिए उपलब्ध तक नही है।

सरकार द्वारा पहाड़ के सूदूरवर्ती गांवों के ब्लाकों में खोले गये अस्पतालों में स्वास्थ सुविधा दम तोड़ती नजर आ रही है। इन अस्पतालों में सामान्य जांचों के साथ अन्य जांचों के लिए सुविधा न मिल पाने के कारण बीमार मरीजों को सीमांत जनपद मुख्यालय आने को मजबूर होना पड़ रहा है।

दूसरी ओर ऐसे में गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों को इलाज के लिए दर–दर की ठोकरें खानें को भी दो चार होना पड़ रहा है। कई बार इस मामले पर शासन प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी आज तक इस अस्पताल की समस्या जस की तस बनी हुई है। एक एनएम के सहारे पूरे अस्पताल की जिम्मेदारी छोड़े जाने से और भी परेशानी बढ़ना लाज्मी है।

## न्यूज डायरी

### कुमाऊं में अवैध हथियार सप्लाई करने वाला तस्कर गिरफ्तार, सात तमंचे बरामद

**संवाददाता** रुद्रपुर। कुमाऊं मंडल में अवैध असलहा सप्लाई करने वाले तस्कर तक पुलिस और एसटीएफ के हाथ पहुंच गए हैं। बरेली रोड शांतिपुरी से पुलिस ने एक असलहा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 315 बोर के सात तमंचे बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उससे पूछताछ शुरू कर दी है। सीओ एसटीएफ पूर्णिमा गर्ग ने बताया कि शुक्रवार दोपहर सूचना मिली कि किच्छा की ओर से एक व्यक्ति अवैध असलहों की खेप लेकर पंतनगर की ओर आ रहा है। जो कुमाऊं के अलग अलग जिलों में तमंचे समेत अन्य अवैध असलहे सप्लाई करता है। इसका पता चलते ही एसटीएफ निरीक्षक एमपी सिंह, एसओ पंतनगर मदन मोहन जोशी, एसआई केजी मठपाल, एसआई प्रकाश बिष्ट के नेतृत्व में पुलिस और एसटीएफ की टीम शांतिपुरी स्थित बरेली रोड पर पहुंच गई। जहां पर शांतिपुरी गेट से 100 मीटर पहले पुलिस को देखकर एक व्यक्ति भागने लगा।

### भारत रत्न पंत की जयंती पर बागेश्वर, कपकोट और गरुड़ में दी श्रद्धांजलि

**संवाददाता** बागेश्वर। भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की 134 वीं जयंत सादगी के साथ मनाई गई। लोनिवि तिराहे और चौक बाजार में पंत पार्क पर कार्यक्रम आयोजित हुए। उधर, कपकोट और गरुड़ में भी जयंती पर भारत रत्न पंत को याद किया गया और उनकी मूर्ति पर पुष्प अर्पित किए गए। जिला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रमों का जिपंअ बसंती देव, विधायक चंदन राम दास, नगर पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने शुभारंभ किया। उन्होंने पंत के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। उनके जीवन पर प्रकाश डाला और कहा कि भारत रत्न पंत त्याग, संघर्ष, बलिदान की प्रतिमूर्ति के साथ अच्छे प्रशासक, कर्तव्यपरायण और समाजसेवा के लिए समर्पित रहे। जिलाधिकारी विनीत कुमार ने कहा कि समाज के प्रति सदैव संवेदनशील रहे।

### शराब की दुकान में छापामार ओवर रेटिंग का चालान किया गया

**संवाददाता** पुरोला। तहसीलदार चमन सिंह ने यहां पुरोला स्थित शराब की दुकान में छापामार ओवर रेटिंग का चालान किया है। दुकान में रेट लिस्ट भी पूरी नही पाई गई। चमन सिंह ने बताया कि लगातार ओवर रेटिंग की शिकायत मिलने पर दुकान पर छापा मारा गया जिसमे ओवर रेटिंग सहित अन्य खामिया भी मिली है। उन्होने बताया कि इसकी सूचना जिलाधिकारी को भेज दी गई है। वही मोरी ब्लाक के फिताड़ी गांव के खका तोक में भूस्खलन होने से गांव के जूनी सिंह की सात बकरियों की मौत हो गई। राजस्व उप निरीक्षक जखोल के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम मौके पर भेज दी गई है।

## रवांई को जनपद तथा पुरोला को जनपद मुख्यालय बनाने की मांग

**संवाददाता** पुरोला। रवांई को जनपद तथा पुरोला को जनपद मुख्यालय बनाने की मांग को लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों ने तहसील में ढोल नगाड़ो के साथ प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है।



पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष सोबत सिंह पंवार के नेतृत्व में ग्रमोणों ने यहां रवांई को जनपद तथा पुरोला को जनपद मुख्यालय बनाने की मांग को लेकर यहां तहसील में जुलूस प्रदर्शन कर तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। उन्होने ज्ञापन में कहा है कि लम्बे समय से रवांई के लोग जनपद बनाने की मांग कर रहे है। यहां धरना प्रदर्शन एवं रैलियो के माध्यम से कई बार सरकार को अवगत कराया जा चुका है लेकिन सरकार द्वारा इसकी उपेक्षा की जा रही है। उन्होने कहा कि विकट भौगोलिक परिस्थिति वाले उतरकाशी जनपद के रवांई घाटी के सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोंगो को उतरकाशी जनपद मुख्यालय पहुंचने में दो ,दो दिन लग जाते है साथ ही बस का किराया,होटल का किराया,भोजन आदि का खर्च वाहन करना पड़ता है। उन्होने शीघ्र जनपद का गठन न करने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इस अवसर पर प्रकाश कुमार, विजेंद्र प्रसाद,रामचंद्र, जगवीर आदि मौजूद रहें।



## सीएम ने सिद्धबलि हनुमान मंदिर में की पूजा अर्चना

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सिद्धबलि हनुमान मंदिर, रुड़की में पूजा अर्चना कर प्रदेश वासियों के सुख–समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पंचम श्री सिद्धबली गणपति महोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

## पतंजलि ने भारतीय विधाओं को अनुसंधान के माध्यम से आगे बढ़ाने का कार्य किया: सीएम

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पतंजलि योगपीठ फेज–2 के पतंजलि अनुसंधान संस्थान में स्वामी रामदेव एवं आचार्य बालकृष्ण से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर पतंजलि अनुसंधान संस्थान के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि पतंजलि ने प्राचीन भारतीय विधाओं को अनुसंधान के माध्यम से आगे बढ़ाने का कार्य किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और स्वामी रामदेव जी का योग को पूरी दुनिया में पहुंचाने में उल्लेखनीय योगदान है, जो हमारे लिए गौरव का विषय है। आज योग विश्वभर में फैला है तथा बच्चा–बच्चा आज



योग को जानता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सबको मिलकर उत्तराखण्ड राज्य को देश का आदर्श राज्य बनाना है। जो कोई भी उत्तराखण्ड के हित में अच्छा कार्य करेगा, वह हमारे सबसे नजदीक होगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड अनेक संभावनाओं से भरा प्रदेश है। सड़क, परिवहन, सुरक्षा, उद्यान, आदि प्रत्येक क्षेत्र की संभावनाओं पर विचार किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड देश का आदर्श राज्य बने, इसके लिए सरकार 10 वर्षीय कार्य योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्य सेवक के रूप में मुझे जो जिम्मेदारी दी गयी है, अपनी पूरी क्षमता से, दी गयी जिम्मेदारी के लिए एक–एक क्षण का उपयोग करूंगा।

इस अवसर पर योगगुरू स्वामी रामदेव ने कहा कि श्री पुष्कर सिंह धामी के रूप में उत्तराखण्ड राज्य को उत्साह एवं ऊर्जा से भरे हुए मुख्यमंत्री मिले हैं। उन्होंने कहा कि श्री पुष्कर सिंह धामी के आने के बाद चारों तरफ नया उत्साह है। पतंजलि योगपीठ का जिक्र करते हुए स्वामी रामदेव ने कहा कि कर्म और पुरुषार्थ का फल ही पतंजलि है।

## बागेश्वर में भारी बारिश से 11 सड़कें बंद, 11 हजार से अधिक प्रभावित

**संवाददाता** बागेश्वर। जिले में बारिश का दौर जारी है। सुबह लगभग चार घंटे तक झमाझम बारिश हो रही है। यह सिलसिला पिछले चार दिनों से अनवरत जारी है। जिसके कारण 11 सड़कों पर भारी भूस्खलन हुआ है। मलबा आने से यातायात बंद हो गया है। जबकि सलेड़ी गांव में एक मकान अतिवृष्टि की भेंट चढ़ गया है। जिससे परिवार के छह सदस्य बेघर हो गए हैं। जिले में बारिश होने से जन जीवन पटरी से उतरने लगा है।

पिछले चार दिनों से सुबह लगभग चार घंटे तक झमाझम बारिश हो रही है। जिसके कारण सरयू, गोमती का जलस्तर भी बढ़ गया है। नदी कटाव होने से भूकटाव का भय बना हुआ है। नदियों की तरफ जाने से जिला प्रशासन ने रोक लगाई है। जबकि शुक्रवार की सुबह हुई झमाझम बारिश से भयूं–गडेरा, पंत क्वैराली, जखेड़ा–लमचूला, डंगोली–सैलानी, सिमगड़ी, शामा–गोगिना, कपकोट–कर्मी, बघर, धरमघर–माजखेत, पुड़कुनी, शामा–नाकुड़ी समेत 11 मोटर मार्ग आवागमन के लिए बंद हो गए हैं।